तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 10 नवंबर 2024



11 सरस्वती शिशु मंदिर में मना आंवला नवमी पर्व




12 सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने की छठ पूजा





## खबर संक्षेप

### सभी मतदान केंद्रों में आज होगा विशेष शिविर


**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र की फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन 10 नवंबर रविवार को रख गया है। नए मतदाता बनने के लिए, आधार से मतदाता पहचान पत्र लिंक करने के लिए, मृत या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए, मतदाता सूची में संशोधन, स्थानांतरण, नया एपिक प्राप्त करने के लिए नागरिक अपने आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ शिविर में बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

### धोबी समाज का जिला अध्यक्ष कौन, आज होगा तय

**मुंडा।** बलौदाबाजार जिला धोबी समाज के जिला अध्यक्ष का निर्वाचन 10 नवंबर को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली के सामने सामाजिक भवन में होगा। मीडिया प्रभारी कमलेश रजक ने बताया कि जिला अध्यक्ष के चुनाव में बलौदाबाजार जिला में शामिल लवन राज कसडोल राज तरेंगा राज, जारा राज, कसडोल परिक्षेत्र सिरपुर राज, सरवा परीक्षेत्र दतान राज, मटिया परीक्षेत्र सहित 10 राज से 100 पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कमलेश रजक ने बताया कि 10 राज से 100 पदाधिकारियों द्वारा ही तय करेंगे की जिला अध्यक्ष का चुनाव होगा या आम सहसमिति से जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा।

### पलारी में भागवत कथा आज से

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी में स्व .रामसंजीवन वर्मा व स्व. योगेंद्र गांधी वर्मा एवं स्व. रामप्यारी वर्मा की स्मृति में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 10 से 18 अक्टूबर तक रखा गया है। इसमें व्यासपीठ पर धर्म प्रचारक आचार्य राहुल महाराज कथा का रसपान कराएंगे। पारायण कर्ता पं. रविकांत पाण्डेय व लक्ष्य



शर्मा रायपुर होंगे। 10 नवंबर को सुबह 11 बजे शीतला माता चौक से कलश यात्रा, वेदीपूजन, गोकर्ण कथा, 11 को परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, ध्रुव चरित्र, 12 को विदूर चरित्र, अजामिल प्रसंग, 13 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, 14 को हरिश्चंद्र की कथा, श्री रामकथा, श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, 15 को बाललीला, माखन चोरी, गिरिराज पूजन 56 भोग, 16 को उद्धव प्रसंग, महारास वृंदावन की मयूर नृत्य व रात्रिकाल श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह ▸▸ शेष पेज 11 पर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना का घेराव कर किया हंगामा

# डीजे बजाने पर पुलिस और नपा अध्यक्ष के बीच विवाद, टीआई समेत तीन सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

विगत दिनों में पुलिस के रवैय्ये को लेकर लगातार वाद विवाद की खबरें सुर्खियों में है। ऐसे में पुलिस महकमे में जनता के बीच छवि सुधारने को लेकर बड़ी चुनौती भी बन गई है। ताजा मामला शुक्रवार देर रात पलारी पुलिस थाना क्षेत्र का है, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा तथा उनके कुछ अन्य साथियों और पुलिस कर्मियों के मध्य हुआ विवाद में मारपीट तक नौबत पहुंचने की खबरें मिली है। बताया जाता है कि शुक्रवार देर रात तेज साउण्ड सिस्टम के साथ सड़क पर कुछ लोगों द्वारा डांस करने की शिकायत पर पलारी पुलिस थाना से वहां पहुंचे पुलिस कर्मियों के साथ कुछ लोगों द्वारा विवाद करना शुरू कर दिया गया। सूत्रों के द्वारा विवाद के दौरान पुलिस और वहां मौजूद लोगों के मध्य मारपीट होने के साथ थाना में बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों द्वारा नारेबाजी शुरू करने से तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाये जाने की बात सामने आई है।



### वाहन में तेज आवाज में अश्लील गानो पर डांस करने की शिकायत

घटना के संबंध में एडीशनल एसपी अभिषेक सिंह ने बताया है कि थाना के सामने तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर अश्लील गानो पर डांस करना और दारू पार्टी करने की शिकायत मिली थी। पुलिस स्टाप ने वहां जाकर देखा और तनातनी और वाद विवाद हुआ है। नपं अध्यक्ष ने अपने ऊपर मारपीट करने का आवेदन दिया, जिस पर जांच चल रही हैं।

### रौब दिखाने की कोशिश की गई

मामले के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा का कहना है कि वह हमेशा की तरह नगर पंचायत कार्यालय के गेट से निकलकर घर जाने अपनी कार में बैठा था। इस दौरान वाहन में हल्की अवाज में म्यूजिक सिस्टम बज रहा था। अचानक पुलिस थाना से कुछ जवान आये तथा मै कुछ समझ पाता उससे पहले ही मेरे साथ मारपीट करने लगे। इसकी शिकायत मेरे द्वारा पुलिस थाने में दी गई है।

### बगैर जांच की गई कार्रवाई गलत

तत्काल टीआई समेत दो आरक्षकों को निलंबित कर देना उचित नहीं है। शराब के नशे में पुलिस थाना के सामने सड़क पर हुडदंग करने की बात सामने आई है तथा ऐसा करने वाले व्यक्ति के भाजपा कार्यकर्ता होने के चलते जांच तथा कार्रवाई के पूर्व ही स्थानीय तथा बलौदाबाजार से पहुंचे भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भीड़ लगाकर देर रात तक थाने में नारेबाजी कर माहौल अशांत करने का प्रयास किया गया। ऐसा लगता है कि भाजपा नेताओं के दबाव में आकर ही बिना जांच कार्रवाई के पलारी पुलिस थाना में पदस्थ टीआई समेत दो आरक्षकों को तत्काल निलंबित करना पड़ा है। इससे पुलिस कर्मियों का मनोबल गिरने तथा आपराधिक व असामाजिक लोगों का मनोबल बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**-हितेन्द्र ठाकुर,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस पाटी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा

### भाजपा ने थाना घेरा

वहीं घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहुंचकर कार्रवाई करने की मांग करते हुए थाना का घेराव कर हंगामा शुरू कर देर रात तक डटे रहे। देर रात तक चले इस सियासी ड्रामे में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने टीआई केसर पराग बंजारा, आरक्षक राममोहन राय और मनीष बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके पश्चात मामला फिलहाल शांत दिखाई दे रहा है, लेकिन संपूर्ण घटना क्रम को लेकर वास्तविक जानकारी जांच के पश्चात ही ज्ञात हो सकती है।

## खड़ी ट्रकों के पहिए, बैटरी व जैक चोरी के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



- अब तक दो अपचारी बालक सहित सात आरोपियों को दबोचा गया

साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा शहर में लगे सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद से रोड किनारे खड़े ट्रकों के पहिए, जैक, बैटरी आदि चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 2 अपचारी बालक सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कुल 7,95,000 कीमत मूल्य का ट्रकों का पहिया, बैटरी, जैक आदि बरामद किया गया। साथ ही आरोपियों से चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार भी जब्त किया गया था। संपूर्ण घटनाक्रम में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में धारा 303(2),3(5) बीएनएस, द्वितीय धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं तृतीय अपराध 303(2), 3(5) बीएनएस की ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सड़क दुर्घटनाजन्य स्थलों पर लगाए जाएंगे स्टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी
- सड़क पर घुमते पाए गए मवेशी, तो उनके मालिकों पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न सड़क मार्ग में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान 20 से 31 अक्टूबर तक की स्थिति में जिन सड़क मार्ग एवं स्थलों में सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई थी, उन स्थलों का पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने उपपुलिस अधीक्षक यातायात बलौदाबाजार को उक्त स्थलों में पर्याप्त संख्या में स्टॉपर, टायर आदि लगाने हेतु निर्देशित किया, जिससे सड़क मार्ग में चलने वाले वाहनों की गति नियंत्रित रहे। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर उक्त स्थलों में संकेतक लगाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे उक्त सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को परस्पर जानकारी मिलती रहे। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु इन सड़क मार्ग के आसपास के निवासी, ग्रामीण एवं ग्राम सरपंच आदि से मिलकर रोड में ▸▸ शेष पेज 11 पर

## नगर में साफ-सफाई पर अफसरों ने बरती सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

- जोर शोर से चल रहा सफाई अभियान

नगर पालिका में नए सीएमओ जफर खान और स्वास्थ विभाग के नए अधिकारी आनंद राठौर के नेतृत्व में शहर की साफ-सफाई के नए युग की शुरुआत हुई है। उनके आते ही शहर के कई इलाकों में जो कचड़े के ढेर लगे रहते थे, नाली-नाले जो कई महीनों से जाम पड़े थे, आज वे सभी जगहों पर सफाई देखने को मिल रही है।

नगरवासियों की ओर से उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया जा रहा है। जफर खान जी और आनंद राठौर जी की इस पहल से शहर के निवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल रहा है। उनकी इस पहल ▸▸ शेष पेज 11 पर

**खास बातें**
- साफ-सफाई में विशेष ध्यान
- नाली-नाले की सफाई
- कचड़े के ढेरों को हटाना
- स्वस्थ वातावरण की स्थापना
- जनमानस की प्रतिक्रिया



### जनमानस की प्रतिक्रिया

शहर में सभी वार्डों में चल रहे नियमित व सक्रिय अभियान से आम जनता के बीच एक सकारात्मक विचार आ रहें पर उनका विचार यह भी रहा की यह कार्य चुनावी चाल न हो जाये व वो कहावत सिद्ध न हो जिसमें चार दिउकी चांदनी लगे हालांकि नगरपालिका प्रशासन के इस पहल से नगर पालिका प्रशासन के लिए शहर मे कर्यो की सराहना की जा रही है।

## चरौदा में राज्य स्तरीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता 12 को

**पलारी।** ग्राम चरौदा में 12 नवंबर को राज्य स्तरीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस वर्ष भी बोल बम कांवरिया एवं ग्रामवासी चरौदा के तत्वावधान में राज गौरी गौरा की स्थापना तथा इनके उपलक्ष्य में देव उठनी एकादशी पर्व पर राज्य स्तरीय सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को रखा गया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ अंचल के सुवा नृत्य के कला प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है, जहां पर वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, स्थान तक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों के लिए पुरस्कार रखा गया है। बोल बम कांवरिया समिति के सह सचिव पुनीत राम यादव ने बताया की प्रथम आने वाली मंडली को 15551 रुपए, द्वितीय 11000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 9000 रुपए, चतुर्थ 7000 रुपए, पंचम 5000 रुपए एवं प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा।


**पाठक सूचना**
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468


## मड़ई मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संदीप




हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्राम जर्वे में आयोजित मड़ई मेला समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू ने कहा कि हमारे राज्य के मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। बोलचाल की सामान्य भाषा में मड़ई शब्द का अर्थ मेलजोल व भेंट से होती है। मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत है, जिसे हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे हैं। इस उत्सव का प्रमुख उद्देश्य एक यह भी है कि अपने मित्रों प्रियजनों से भेंट करने का एक उत्सव है। जिसे हम सैकड़ों साल से मनाते चले आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मेला मड़ई धर्म कर्म व संस्कृति की महत्ता को अपने साथ लिए हुए आदि काल से चली आ रही है, जिसमें इष्ट मित्रों से भेंट के साथ–साथ काम और इस दौड़ भाग की दुनिया कुछ अच्छे पल जीवन के लिए यादगार के रूप में समेटने के लिए भी काम आते हैं और यह मड़ई मेले हमारे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन और त्योहारों का प्रतिबिंब है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुमित्र घृतलहरे, जनपद पंचायत सदस्य टिकेश्वरी वर्मा, ▸▸ शेष पेज 11 पर


मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
प्रवेश का अंतिम चरण
अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2024

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
8370077700, 7024125200
World Class Infrastructure
Best Sports Complex & Facilities
Hostel and Transport Facility
Highly Equipped Laboratories
Rich library with 5000 Books
Green and Hi-tech Campus
Qualified and Experienced Faculties
108 beded Parent Hospital
निः शुल्क पंजीयन व परामर्श प्रपत्र हेतु स्कैन करें
LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY
JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES
www.leelasgroup.com

## खबर संक्षेप



### हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** रेसिडेंट कॉपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार रायपुर के सदस्य हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर कुंदन कुमार को कॉलोनी की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देने पहुंचे। सदस्यों ने बताया कि परिसर का बाउंड्रीवॉल अधूरा है, कमर्शियल कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है, क्लब हाउस की सुविधा अब तक नहीं मिली, सेंट्रल गार्डन बारिश में पानी में डूब जाता है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हैं। आयुक्त ने गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनीं और एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीराम चौधरी, सचिव योगेश अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, सदस्य देवेंद्र सिंह, आशुतोष दुबे, रामगोपाल वशिष्ठ, सीबीएल साहू, अमीरा राणा, टी. खलखो, स्निग्धा महापात्र, आरती दुबे शामिल थे।

### यशस्वी को रविवि से पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** सेंट विंसेज पैलोटी कॉलेज कापा रायपुर के शिक्षा विभाग में बतौर प्राध्यापक कार्यरत



यशस्वी लोणकर को रविवि ने शिक्षा विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का शीर्षक इफेक्ट ऑफ प्लांड इंटरवेंशन प्रोग्राम ऑन ट्रांसफोबिया ऑफ हाईस्कूल स्टूडेंट्स रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य कल्याण कॉलेज भिलाई की पूर्व उपप्राचार्य डॉ. पुष्पलता शर्मा के निर्देशन में किया।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख की ठगी

**रायपुर।** गंज थाने में एक व्यक्ति ने कोल ट्रेडिंग के नाम पर तीन लोगों के खिलाफ 17 लाख 53 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजेश सिंह की शिकायत पर संजय, शशांक तथा संध्या पाण्डेय के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज की गई है। बृजेश ने पुलिस को बताया कि तीनों ने वर्ष 2021 में कोल ट्रेडिंग के नाम पर फर्म तैयार कर उससे कोल आपूर्ति करने कैश दो लाख रुपए तथा 14 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कराई। रकम देने के बाद आरोपियों ने बृजेश सिंह को कोल आपूर्ति नहीं की।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**रायपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने जागरूकता रथ एवं नाटक के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों में भी विविध रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में जगद्धात्री पूजा आज

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर द्वारा 10 नवंबर को जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन आंवला नवमी के साथ ही जगद्धात्री पूजा का महापर्व शुरू होता है। समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि रविवार सुबह से पूजा प्रारंभ होगी।

# चपटी नाक और झुके हुए कान, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे को डाक्टरों ने दिलाई राहत

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## इलाज के लिए एम्स के शिशुरोग विभाग में लेकर आए थे माता-पिता

चपटी नाक और झुके हुए कान की वजह से सामान्य बच्चों से अलग दिखने वाले मासूम का इलाज कर एम्स के डाक्टरों ने राहत दिलाई है। यूपी में रहने वाले माता-पिता उसे शिशु रोग विभाग में लेकर आए थे। जांच के दौरान उसे वुल्फ-हिर्शहॉर्न सिंड्रोम नामक आनुवांशिक विकार से पीड़ित पाया गया था। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी काफी दुर्लभ होती है और पचास हजार में एक बच्चा इससे पीड़ित होता है। सामान्यतः इस बीमारी की वजह से बच्चे का जन्म के पहले मस्तिष्क अथवा अन्य अंगों का विकास नहीं हो पाता। पीड़ित सामान्य बच्चों की तुलना में अलग दिखता है, जिसकी वजह से कई बार वह उपेक्षा का शिकार भी हो जाता है। शिशु रोग विभाग में आए पीड़ित बच्चे की जांच के बाद इस बीमारी का पता चला। इसके साथ ही वह हृदय संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित था। शिशु रोग विशेषज्ञ डा. तुषार बी. जगताप और साइटोजेनेटिक्स लैब की प्रोफेसर डॉ. मनीषा बी. सिन्हा की कोशिशों के बाद मरीज को राहत मिली। बाल रोग विभाग की डॉ. तृप्ति सिंह ने बताया कि इस बीमारी का इलाज मरीज की समस्याओं से संबंधित लक्षण के आधार पर किया जाता है। साइटोजेनेटिक्स लैब में अब तक 140 मरीजों का परीक्षण किया गया है। वहां की रिपोर्ट के आधार पर डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम और बैलेंस्ड ट्रांसलोकेशन्स सहित विभिन्न तरह की जन्मजात बीमारियों का इलाज किया गया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि एआईआईएमएस रायपुर में साइटोजेनेटिक्स लैब विशेष सेवाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो आनुवांशिक और गुणसूत्रीय विकारों के निदान और उपचार में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाती है।



### वायरोलॉजी लैब का भूमिपूजन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जैव-सुरक्षा स्तर-3 वायरोलॉजी लैब के भूमिपूजन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस लैब को आईसीएमआर द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने किया। यह लैब माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संचालित होगी और उन्नत वायरस अनुसंधान में सहयोग करेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने एंटीवायरल दवाओं के विकास में इसकी क्षमता को रेखांकित किया, वहीं लैब इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. संजय नेगी ने सुरक्षित वातावरण में वायरस अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। यह लैब वायरल खतरों से निपटने की क्षमता को और मजबूत बनाने में मददगार साबित होगी।

# व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को बना दिया गोदाम निगम ने किया सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत रवि नगर में निर्मित व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को गोडाउन बनाकर उपयोग किया जा रहा था। इस मामले में निगम ने गोडाउन को सीलबंद करने की कार्रवाई करते हुए भवन मालिक को नोटिस जारी किया है। दरअसल शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा इस क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान कैलाश टॉवर व्यावसायिक परिसर में पार्किंग की जगह पर गोडाउन बना देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को गोडाउन को तत्काल सीलबंद करने के निर्देश दिए, साथ ही भवन मालिक को नोटिस जारी करने कहा।

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी शहर का निरीक्षण करें और देखें कि इस तरह से अन्य किसी व्यावसायिक परिसर में पार्किंग स्थल का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। अगर कहीं हो रहा है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीते साल से 25 फीसदी तक फसल खराब इसलिए कीमत ज्यादा

# बंगाल से 29 रुपए में आ रहा है आलू, थोक में 30, चिल्हर में 40 से 45 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आलू की कीमत में लंबे समय से आग लगी हुई है। इसके पीछे का कारण बंगाल से आलू की आवक पर रोक रही। अब वहां से आवक पर रोक हटी गई है, पर कीमत कम नहीं हो रही है। हरिभूमि ने बंगाल के कुछ कारोबारियों से बात की, तो मालूम हुआ कि फसल कम होने के कारण इस बार कीमत ज्यादा है। बंगाल से रायपुर आलू 29 रुपए में आ रहा है। थोक कारोबारी तो महज एक रुपए का मुनाफा लेकर इसे 30 रुपए किलो के हिसाब से बेच रहे हैं, लेकिन चिल्हर का कोई माईबाप नहीं है। यह शहर में 40 से 45 रुपए में बिक रहा है। आलू की कीमत आमतौर पर चिल्हर में 20 रुपए के आस-पास रहती है। लेकिन बीते चार माह से इसकी कीमत 40 रुपए के पार है। पहले कीमत ज्यादा होने का कारण यह रहा कि बंगाल सरकार ने बंगाल से बाहर दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर रोक लगा दी थी। ऐसे में बंगाल से आलू आ रहा था, लेकिन यह चोरी-छुपे आने के कारण ज्यादा कीमत पर आ रहा है, लेकिन अब रोक हटने के बाद भी कीमत कम नहीं हो रही है।



### बंगाल में कीमत 27 रुपए

छत्तीसगढ़ में बंगाल के साथ उप्र से आलू आता है। रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग में बंगाल का आलू पसंद किया जाता है। यहां पर बंगाल से ही आलू आता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का गोला और पहाड़ी आलू पसंद किया जाता है। बंगाल से आने वाला आलू इस समय वहां से रायपुर आकर 29 रुपए किलो पड़ रहा है। बंगाल के कुछ थोक कारोबारियों से हरिभूमि ने बात की, तो उन्होंने बताया, इस समय बंगाल में बीते साल से 25 फीसदी कम होने के कारण कीमत इस समय 27 रुपए किलो है। छत्तीसगढ़ के रायपुर तक दो रुपए किलो भाड़ा लगता है।

### चिल्हर में भारी मुनाफाखोरी

बंगाल ने यहां पर भनपुरी की थोक मंडी में आने वाला 29 रुपए का आलू कारोबारी 30 रुपए के हिसाब से तीन हजार रुपए क्विंटल बेच रहे हैं। 40 किलो की बोरी 12 सौ में बेची जा रही है। लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको 40 से 45 रुपए में बेच रहे हैं। शास्त्री बाजार सहित कुछ बड़ी सब्जी मंडी में आलू 40 रुपए में मिल रहा है, लेकिन छोटी सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में यह 45 रुपए किलो में बिक रहा है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, हम भनपुरी जाकर तो एक बोरी नहीं ला सकते हैं। इसलिए आस-पास के थोक कारोबारियों से लेते हैं। वहां से हमको 34 से 35 रुपए में आलू मिलता है। एक बोरी में तीन से पांच किलो आलू खराब भी निकल जाता है। ऐसे में इसको 40 रुपए में बेचना संभव नहीं होता है।

### फसल खराब हुई

बंगाल में इस समय आलू की कीमत 27 रुपए है। फसल खराब होने से कम फसल होने के कारण कीमत ज्यादा है।

**- सीबू प्रसाद दत्ता**
थोक कारोबारी, कोलकाता, बंगाल

# कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने अपराध दर्ज किया

मकान कब्जा करने की बात को लेकर मारपीट, घर में बेजा प्रवेश कर तोड़फोड़ करने के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती कुलदीप के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने कारोबारी परिवार के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 427, 448 तथा 451 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिविल लाइंस स्थित कटेला भवन निवासी प्रशांत कटेला की शिकायत पर पुलिस ने टैगोर नगर निवासी मुकेश भंसाली के साथ जयंती, राजेंद्र, संजय, गौरव, सिद्धार्थ, अंकित, सौरभ तथा छोटू भंसाली के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रशांत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष 31 मई को मुकेश तथा उसके परिवार के सदस्य लाठी-डंडे से लैस गुंडे लेकर उसके घर पहुंचे थे और घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही लोगों के साथ मारपीट करते हुए जगह खाली करने के लिए कहा।

### कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में फरियाद

घटना के बाद प्रशांत ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने सीएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों को पत्र लिखा। बावजूद इसके किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। साक्ष्य के रूप में प्रशांत ने मोबाइल से बनाया वीडियो कोर्ट के सामने पेश किया।

# 11 एएसपी और 25 डीएसपी का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग ने 11 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ ही 25 डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों का शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया गया है, उनमें उन पुलिस अफसरों के नाम भी शामिल हैं, जो पिछले दिनों डीएसपी से एएसपी के पद पर प्रमोट हुए हैं।




राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक जिन 11 अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें मेघा टेंभुरकर का पुलिस मुख्यालय से दुर्ग अमलेश्वर, उमेश कश्यप बिलासपुर से जांजगीर चांपा, शैलेंद्र कुमार पांण्डेय बलरामपुर से धमतरी, गरिमा द्विवेदी बीजापुर से गरियाबंद, मोनिका ठाकुर कोरिया से बालोद, रिचा मिश्रा दुर्ग से ट्रैफिक एएसपी दुर्ग, राजेंद्र जायसवाल जांजगीर चांपा से बिलासपुर, निमिषा पांण्डेय बगीचा से सारंगढ़, यूलैंडन यार्क बागबाहरा से बीजापुर, उदयन बिहार डीएसपी बिलासपुर से एएसपी बिलासपुर, दिनेश कुमार सिन्हा बीजापुर से कांकेर।

### इन उप पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर

जितेंद्र खुंटे बलरामपुर से चांपा, रागिनी मिश्रा धमतरी से कुरुद, इरफान हसन काजी बिजापुर से चंद्रखुरी, अकीक खोखर बीजापुर से महासमुंद, ललिता मेहर रायपुर से महासमुंद, रमेश चंद्र रायगढ़ से खैरागढ़ छुही खदान गंडई, मंजू लता बाज महासमुंद से जशपुर, मिलिंद पांण्डेय महासमुंद से बागबाहरा, दिलीप कोसले बस्तर से जशपुर, अरुण नेताम सूरजपुर से कोंडागांव, मयंक तिवारी मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी से मुंगेली, सतीश ठाकुर दुर्ग से नया रायपुर, रश्मित कौर चावला बिलासपुर से मुख्यालय बिलासपुर, कविता ठाकुर कोरिया से जांजगीर चांपा, सुमित गुप्ता सुकमा से शक्ति, शिवचरण सिंह परिहार बिलासपुर से ट्रैफिक बिलासपुर, आकर्षि कश्यप राजनांदगांव से दुर्ग, अखिलेश कौशिक रायगढ़ से कबीरधाम, मोनिका सिंह परिहार कबीरधाम से सहायक सेनानी कबीरधाम, संजय तिवारी कबीरधाम से सकरी बिलासपुर, अमरनाथ सिदार कांकेर से गृह मंत्री सुरक्षा, निमितेश सिंह बिलासपुर से कबीरधाम, आशीष शुक्ला रायपुर से कबीरधाम, सतीश धुर्वे कबीरधाम से दुर्ग, साधना सिंह मुंगेली से रायगढ़।

# प्रत्याशियों में किसी को सिलेंडर-गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा व रूम कूलर मिला चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के रूप में कई निर्दलीय सहित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को घरेलू वस्तुओं के साथ आवश्यक उपकरण के चित्र आबंटित किए गए हैं। इनमें किसी को गैस सिलेंडर, किसी को गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा एवं रूम कूलर का चिन्ह मिला है। इसके अलावा बाल्टी, कांच का गिलास, प्रेशर कुकर, एयरकंडीशनर, लैपटाप आदि जैसे चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं।

13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह नामांकन वापसी के बाद ही आबंटित कर दिया गया था। उपचुनाव में इस बार कुल 30 प्रत्याशी खड़े हुए हैं। इनमें भाजपा-कांग्रेस के अलावा 10 विभिन्न राजनीतिक दलों के तथा 18 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पार्टी में भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पहले से तय हैं। वहीं पंजीकृति राजनीतिक दलों के 10 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म, सर्वआदि दल को एयरकंडीशनर, राइट टू रिकॉल पार्टी को प्रेशर कूकर, धू सेना को अंगूठी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी को कलम की निब सात किरणों के साथ, हमर राज पार्टी को बाल्टी, सुंदरसमाज पार्टी को कांच का गिलास, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी को गन्ना किसान, शक्ति सेना को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिला है।

### निर्दलियों को ये चिन्ह आवंटित

इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशियों को गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बांसूरी, फव्वारा, हीरा, नागरिक, लिफाफा, ट्रक, बैटरी टार्च, लैपटॉप, ऑटो रिक्शा, दूरबीन, सीसीटीवी कैमरा, हाण्डी, रूम कूलर, तरबूज, स्टाम्प्स, पानी का जहाज एवं शतरंत बोर्ड चुनाव चिन्ह मिला है।

# अवैध दुकानों पर निगम सख्त, महादेवघाट से 10 एवं अमलीडीह रोड से एक हटाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब निजी एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर संचालित करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शहर के महादेव घाट के पास निजी भूमि पर अवैध रूप से दस दुकानों का निर्माण किया गया था, वहीं अमलीडीह मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि पर एक कबाड़ी की दुकान खुल चुकी थी। निगम की टीम ने शुक्रवार को इन सभी अवैध दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

### 3 नोटिस के बाद तोड़ी गई दुकानें

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि महादेव घाट के नजदीक एक व्यक्ति ने अपनी 6420 वर्गफीट निजी भूमि पर 10 दुकानों का निर्माण निगम की अनुमति बिना कराया है। निगम ने इस संबंध में दुकान मालिक को निवेश विभाग से 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी दुकानदार ने न ही दुकानों को वैध कराने के लिए कोई प्रक्रिया का पालन किया और न ही दुकानों को स्वतः हटाने की कार्रवाई की। टीम ने इस मामले में अब नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।

### *शासकीय भूमि पर संचालित की जा रही थी कबाड़ी की दुकान*

*इसी प्रकार अमलीडीह मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी कारोबारी ने शासकीय भूमि पर जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से वहां कबाड़ी की दुकान खोलकर ली थी। यह दुकान पिछले कई महीनों से संचालित थी। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर कबाड़ी की दुकान संचालित करने की जानकारी मिलते ही इस दुकान को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर डेयरी का भी संचालन किया जा रहा है। इस डेयरी का 25 प्रतिशत भाग शासकीय भूमि पर संचालित है। इसे देखते हुए संचालक को नोटिस जारी कर 20 दिन के भीतर डेयरी स्वयं से हटाने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा में संचालक द्वारा डेयरी नहीं हटाने पर निगम की टीम इसे भी तोड़कर हटाने की कार्रवाई करेगी।*

# बैज बोले- जीएसटी दस्तावेज जांच के नाम पर सरकार व्यापारियों को कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जीएसटी दस्तावेज की जांच के नाम पर भाजपा सरकार व्यापारियों का भयादोहन कर रही है। 1.50 करोड़ से ज्यादा से टर्न ओवर वाले व्यापारियों के दस्तावेजों की जांच भाजपा सरकार का व्यापारी विरोधी रवैया है। भाजपा सरकार व्यापारियों को टैक्स चोर समझ रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान कर रही है। यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। भाजपा सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिए जाने वाले टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है, उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है।

श्री बैज ने कहा, लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे डलवाए हैं। पहले सरकार द्वारा उनको परेशान करने ईवे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया था। अब व्यापारियों की दस्तावेजों की जांच कर रही है। पंजीयन के समय सभी दस्तावेज जांच कर पंजीयन कराया गया था फिर नए पंजीयन क्यों। कांग्रेस, सरकार के इस कदम का विरोध करती है। यह सरकार व्यापारी विरोधी सरकार है।



### भाजपा सरकार व्यापारी विरोधी

श्री बैज ने कहा, भाजपा की सरकार लगातार व्यापारी विरोधी निर्णय ले रही है। जमीनों के फ्री-होल्ड को बंद कर दिया, गाईड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया, जीएसटी की जांच के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों को परेशान करना शुरू किया गया। उद्योगों की बिजली के दाम में बढ़ोतरी की गई।

## विमानतल पर मुलाकात कर 80 करोड़ की योजना को मंजूरी देने की रखी मांग

# रिंग रोड एक के लिए मूणत ने गडकरी से मांगा साढ़े 10 मीटर चौड़ा सर्विस रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच रिंग रोड एक के लिए साढ़े दस मीटर चौड़ा सर्विस रोड करने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है। डिप्टी सीएम तथा पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को माना विमानतल पर एक ज्ञापन देकर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 80 करोड़ रुपए की योजना की मंजूरी की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 30 वर्ष पहले बने रायपुर के रिंग रोड-1 के किनारे का बड़ा हिस्सा विगत वर्षों में कामर्शियल एरिया के रूप में डेवलप हो चुका है। इस सड़क के दोनों किनारों पर बड़े कांप्लेक्स, शादी घर, शोरूम तथा कई मार्केट तो हैं ही, दोनों ओर घनी आबादी बस चुकी है। इस आबादी का एकमात्र सहारा रिंग रोड-1 के दोनों किनारों पर बना सर्विस रोड है, जो अधिकांशतः पांच-पांच मीटर ही चौड़ा है। जिसके कारण जाम की स्थिति तो बनती ही है, हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। श्री मूणत ने बताया, इस सड़क पर अग्रसेन धाम टर्निंग, कृषि विवि टर्निंग, आर्चब्रिज टर्निंग, कटोरातालाब टर्निंग, संतोषीनगर टर्निंग, कुशालपुर टर्निंग, रायपुरा टर्निंग, भाठागांव टर्निंग और पचपेड़ीनाका टर्निंग में ट्रैफिक के हालात बुरी तरह बिगड़ चुके हैं। यहां लोगों को राहत देने के लिए अंडरब्रिज आदि बने हैं, लेकिन ट्रैफिक दबाव के समय ये नाकाफी साबित होने लगे हैं।



### सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी

श्री मूणत ने बताया, सर्विस रोड औसतन 5-5 मीटर ही चौड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों सर्विस रोड की चौड़ाई 3.5-3.5 मीटर बढ़ा जाती है, तो सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी। अगर चौड़ाई बढ़ाने के बाद दोनों ही सर्विस रोड को वन-वे कर दिया जाएगा तो ये सुविधाजनक होने के साथ-साथ आकर्षक भी लगेंगी।

## खबर संक्षेप

### प्रायवेट प्रेक्टिस पर आईएमए ने दिया सुझाव

**रायपुर।** सरकारी अस्पतालों के प्रायवेट प्रेक्टिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, महासचिव दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को सुझाव प्रेषित किया है जिसमें चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए शासकीय सेवा शर्तों में आवश्यक सुधार की आवश्यकता बताई है। इसके अलावा निजी प्रेक्टिस को पर बंदिश के नियम का फिर से आंकलन करने की मांग की है।

### मरीज के अटेंडरों से सफाई नर्स और आया निलंबित

**रायपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से सफाई कराने के मामले को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग बलरामपुर को इसकी जांच करने के निर्देश दिए गए थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर बलरामपुर जिले के कलेक्टर ने स्टाफ नर्स अमिता मिंज और वार्ड आया अनिता सिंह को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय जिला अस्पताल बलरामपुर रामानुजगंज किया गया है।

### निगम आयुक्त ने लिया सौंदर्यीकरण की प्रगति का जायजा

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जीई मार्ग साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक तक प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य सहित वीआईपी रोड, फुण्डहर चौक, केनाल लिंकिंग रोड, विधानसभा मार्ग समेत विभिन्न प्रमुख मार्गों में निर्माण कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली एवं उन्हें मार्ग सौंदर्यीकरण शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जीई रोड एवं साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक रोहिणीपुरम तक कराए जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण एवं सुंदर आर्ट वर्क के कार्य की जानकारी लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने कहा है।

### व्यय प्रेक्षक ने किया प्रत्याशियों के खर्च का निरीक्षण

**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने शुक्रवार को प्रत्याशियों के खर्चों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रत्याशियों के रैली तथा अन्य कार्यक्रमों के खर्च की जानकारी ली। कनुप्रिया दमोर ने सोशल मीडिया में किए जा रहे प्रचार का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रत्याशियों को निश्चित समय में खर्चों की जानकारी निर्वाचन आयोग की व्यय शाखा को देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

**रायपुर।** सभी राजनैतिक दलों, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने निर्देश जारी किए हैं।

# विभागीय प्रक्रिया में उलझा चिकित्सा अधिकारियों का बढ़ा वेतन, इंतजार के छह साल में कई रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

तीस साल की सेवा पूरी कर चुके चिकित्सा अधिकारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ पिछले छह साल से विभागीय प्रक्रिया में उलझकर रह गया है। बढ़े वेतन की बाट जोहते-जोहते कई चिकित्सक रिटायर हो चुके हैं और कुछ इस कगार पर पहुंच चुके हैं। वर्ष 2018 में जारी आदेश के मामले में पांच साल पहले फाइल चली जो पिछले आठ महीने से पात्र चिकित्सकों की सूची के मसले पर विभागीय स्तर जाकर अटक गई है।

## पांच साल बाद चली फाइल, आठ माह से पात्र चिकित्सकों की सूची पर जाकर अटकी

### मंत्री, अफसरों से मिल चुके

इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य चिकित्सा अधिकारी संघ तथा प्रदेश शासकीय चिकित्सक संघ इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। इस मामले में जिम्मेदारों ने उन्हें वेतनमान का लाभ दिलाने का आश्वासन तो दिया है, मगर अब तक किसी तरह की ठोस पहल विभागीय स्तर पर नहीं की गई है।

### तीस साल की सेवा देने वालों को द्वितीय समयमान वेतन का 2018 में जारी हुआ



### वर्तमान में दो प्रतिशत को लाभ

जानकारी के अनुसार वर्तमान में चिकित्सा अधिकारी को प्रवर श्रेणी द्वितीय समयमान वेतनमान 15600-39100 तथा 7600 ग्रेड वेतन प्राप्त होता है। इसके साथ ही पात्र चिकित्सा अधिकारी के केवल दो प्रतिशत को नया वेतनमान का लाभ दिलाने का प्रावधान है, जिसे संशोधित किए जाने की मांग की जा रही है।

### लगातार मांग की जा रही

तीस साल की आयु पूरी कर चुके चिकित्सा अधिकारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग काफी समय से की जा रही है। इसके लिए लगातार पत्र व्यवहार भी किया जा रहा है।
- डॉ. ओपी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, प्रदेश शासकीय चिकित्सक एसोसिएशन

प्रभावित चिकित्सकों ने बताया कि वर्ष 2018 में शासन द्वारा तीस साल की सेवा पूर्ण कर सिविल सेवा सभी कर्मचारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान 37400-67000 ग्रेड पे 8700 प्रदान करने का आदेश जारी किया गया था।

अन्य विभाग के द्वितीय वर्ग के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल गया मगर स्वास्थ्य सेवा संचालनालय में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को इस लाभ से अब तक वंचित रखा गया है। विभागीय स्तर पर बरती जाने वाली सुस्ती को दूर करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों ने कर्मचारी संगठन के बैनर तले इस पर काफी प्रयास किया, तो पांच साल बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने मामले में गंभीरता दिखाई।

# तहसील में राजस्व प्रकरणों की कछुए गति से सुनवाई, पक्षकार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई कछुए गति से की जा रही है, जिसके कारण पक्षकारों को न्याय मिलने की जगह बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान होना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में 4 हजार से अधिक राजस्व के प्रकरण लंबित हैं। इनमें एक हजार से ज्यादा प्रकरण 2 से 5 साल पुराने हैं, जबकि करीब सौ प्रकरण 5 से 10 साल पुराने हैं। इसी प्रकार करीब दो हजार प्रकरण 1 से 2 साल पुराने हैं। 50-60 प्रकरण ही ऐसे हैं, जो एक साल से कम समय से लंबित हैं। इससे पता चलता है कि तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों को किस तरह से निराकरण किया जा रहा है। हालांकि तहसील में लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर कई बार नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण करने में तहसीलदारों द्वारा विशेष रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप ही तहसील में लंबित प्रकरणों का अंबार लगा हुआ है।



### कमिश्नर भी जता चुके हैं नाराजगी

तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों को लेकर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे भी नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने पूर्व में तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान एसडीएम कोर्ट सहित अन्य तहसीलदारों के कोर्ट का भी निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम और एक तहसीलदार के यहां लंबित प्रकरणों तथा जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी थी, उनमें ऑर्डर जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई थी।

### जिले में करीब दस हजार प्रकरण लंबित, इनमें रायपुर में सर्वाधिक

जिलेभर के तहसील कार्यालयों में करीब 10 हजार राजस्व संबंधी प्रकरण लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा रायपुर तहसील कार्यालय में प्रकरण लंबित हैं। लंबित प्रकरणों में सबसे ज्यादा एसडीएम कोर्ट में प्रकरण लंबित हैं। उनके कोर्ट में 1028 प्रकरण लंबित हैं। इनमें से दो सौ से ज्यादा प्रकरण तो 2 से 10 साल के बीच हैं, जिनका अब तक निराकरण नहीं किया गया है। इसके अलावा अन्य तहसीलदारों के कोर्ट में भी 100 से 400 के बीच प्रकरण लंबित हैं।

### पक्षकार के साथ वकील भी लगा रहे कार्यालय के चक्कर

तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों पर समय पर सुनवाई नहीं होने के कारण पक्षकार भी परेशान हो रहे हैं। 15 दिन बाद पेशी मिलने के बाद भी पक्षकार जब सुनवाई में शामिल होने पहुंचते हैं, तो उन्हें यहां आने पर पता चलता है कि उनकी सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इसके कारण पक्षकारों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पेशी की तारीख बार-बार बढ़ाने से पक्षकारों के साथ उनके वकीलों को भी परेशान होना पड़ता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मना आंवला नवमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में कन्या भारती एवं बाल भारती की बहनों ने आंवला नवमी पर्व मनाया। इस मौके पर प्राचार्य अश्वनी पाटकर व विद्यालय के सभी आचार्य की उपस्थिति में आंवला पेड़ की पूजा की गई। आंवला पेड़ को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प लेते हुए पूजा–अर्चना कर उसकी छांव के नीचे सामूहिक भोजन किया। प्राचार्य ने बताया कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष नवमीं के दिन आंवले पेड़ के नीचे अमृत की वर्षा होती है। आंवला भगवान विष्णु का अत्यंत प्रिय फल है और आंवला के वृक्ष में सभी देवी देवताओं निवास भी करते हैं।

# दुर्ग, झारखंड के तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने झारखंड सहित दुर्ग के तीन तस्करों के कब्जे से तीन किलो नौ सौ ग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अफीम तस्करों को कमल विहार के पास से गिरफ्तार किया है। कमल विहार के पास झारखंड के तस्कर अफीम की डिलीवरी देने आए थे, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर पकड़ा।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक अफीम तस्करी करने के आरोप में झारखंड, गुमला निवासी मोहम्मद जासिद मिर, लेव मिंज तथा दुर्ग, जामुल निवासी जसवंत सिंह को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर पुलिस की पकड़ से बचने गुरुवार देर शाम अफीम की डिलीवरी देने के लिए आए थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जसवंत सिंह लंबे अरसे से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम कर रहा है। पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल तथा पंजाब के रास्ते मादक पदार्थ मंगाकर बेचने का काम कर रहा था।




### ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था

पुलिस के अनुसार जसवंत अफीम को ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था। पुलिस के अनुसार जसवंत पूर्व में ढाबा संचालन करने का काम करता था। ढाबा संचालित करने के दौरान जसवंत का मुंबई-हावड़ा मार्ग में चलने वाले ट्रक ड्राइवरों से अच्छी पहचान थी। इसी बात का फायदा उठाकर जसवंत ट्रक ड्राइवरों को अफीम खपाने का काम करता था। पुलिस जसवंत के मादक पदार्थ मंगाने के लिंक के बारे में पड़ताल करने की बात कह रही है।

### अफीम लाने वालों को पता नहीं माल किसका

पुलिस के अनुसार अफीम लाने वाले झारखंड के तस्करों को अलग-अलग लिंक के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा अफीम दिया गया था। इसके अलावा उन्हें रायपुर में अफीम किसे देना है, इस बात की भी जानकारी नहीं थी। रायपुर पहुंचने के बाद तस्करों को जिन्हें अफीम की डिलीवरी देनी थी, उसके बारे में उन्हें जानकारी मिली।

डीन को सौंपी जांच रिपोर्ट सुझाव के आधार पर कमियां दूर होंगी

# आयुष्मान और न्यूरो की ओटी में हो रहे आगजनी के शिकार ट्रामा के मरीजों के ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आगजनी का शिकार हुई आंबेडकर अस्पताल की न्यू ट्रामा यूनिट के ऑपरेशन थियेटर को तैयार होने तक वहां होने वाला ऑपरेशन आयुष्मान और न्यूरो सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में पूरी की जाएगी। इधर आगजनी की घटना की जांच के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डीन डॉ. विवेक चौधरी को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्राप्त सुझाव के आधार पर सुधार कार्य पूरा किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा यूनिट-2 वार्ड के एसी कंप्रेसर में विस्फोट की वजह से लगी आग और फैले धुएं ने वहां के एक ऑपरेशन थियेटर को पूरी तरह खराब कर दिया था। घटना के दौरान डाक्टरों की सूझबूझ और स्टाफ की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा टल गया था। धुआं इतना गहरा था कि उसने ऑपरेशन थियेटर को पूरी तरह बेकार कर दिया है। उसके सुधार में वक्त लगने की संभावना है, क्योंकि काम शुरू करने के लिए आगजनी के बाद मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा। डाक्टरों की कमेटी ने अपने सुझाव के साथ रिपोर्ट मेडिकल कालेज के डीन डा. विवेक चौधरी को सौंप दी है। डॉ. चौधरी रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद उसके अनुसार आगजनी सहित अन्य अप्रिय घटना को रोकने के लिए जरूरी सुझाव देंगे।

### वैकल्पिक इंतजाम किए गए

*घटना की वजह से आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन के लिए आयुष्मान और न्यूरो सर्जरी की ओटी का उपयोग किया जा रहा है।*
*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

### अन्य सुरक्षा के उपाय भी होंगे

आगजनी की इस घटना के बाद अस्पताल में अन्य सुरक्षा के उपायों पर भी काम शुरू होने की संभावना है। अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अग्निरोधी सिस्टम को भी अपडेट किया जा रहा है। इसके साथ अस्पताल में किए जाने वाले अन्य सुरक्षा उपाय पर भी काम किए जाने के आसार हैं। इस मामले में लंबित फाइल मेडिकल कालेज स्तर पर आगे बढ़ने की संभावना है।

### समझाएंगे स्थिति की बारीकी

आने वाले दिनों में आंबेडकर अस्पताल में आगजनी सहित अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पदस्थ कर्मचारियों को जरूरी एक्शन के बारे में समझाया जाएगा। इसके लिए आने वाले दिनों में एसडीआरएफ के साथ वर्कशाप का आयोजन भी किया जाएगा।

# स्कूल में गरीब छात्राओं को बांटी गई कापी, पेन और अन्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के समीपस्थ ग्राम पंचायत मोहतरा (क) के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉक्टर गोपीराम जाटव की अध्यक्षता में निर्धन छात्र कल्याण कोष से विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के गरीब छात्र-छात्राओं को कॉपी पेन सहित जरूरी सामग्री बांटे गए। विद्यालय परिवार के इस नेक पहल से कुल 13 छात्र - छात्राएं लाभान्वित हुए। मुख्य अतिथि राजेंद्र साहू ने अपने कर कमलों से प्रदान किया। सामग्री वितरण पश्चात मुख्य अतिथि एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय परिवार की इस नेक कार्य के लिए सराहना की। उन्होने आगे कहा कि ऐसी पहल से एक तरफ गरीब बच्चों का हौसला बढ़ता है साथ ही प्रेरणा भी मिलती है।





**महुआ शराब जब्तः महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। 8 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम जबलपुर में महुआ शराब की बिक्री कर रहे धनीराम कुम्हारके कब्जे से 15 नग प्लास्टिक पाउच में भरी हुई कुल 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया।

## पेज 9 के शेष

### सड़क दुर्घटनाजन्य...

किसी भी प्रकार से पालतू जानवर अथवा मवेशी भ्रमण ना करें, इसके लिए ग्रामवासियों को आवश्यक हिदायत देने हेतु निर्देशित किया गया। विगत कुछ दिनों से नियमित अंतराल में कुछ चिन्हित सड़क मार्ग में रोड एक्सीडेंट की लगातार घटनाएं घटित हुई थी, जिस कारण उक्त स्थलों का भ्रमण कर इसमें आवश्यक सुरक्षा प्रबंध कर रहे हेतु निर्देशित किया गया।

### खड़ी ट्रकों के...

विवेचना एवं जांच क्रम में, आरोपियों से मनोवैज्ञानिक एवं विस्तृत पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में शामिल 2 आरोपी प्रकाश टोंडे एवं दीपक टोंडे निवासी इमलीपारा पोस्ट घूमा थाना तखतपुर को हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रोड किनारे खड़े ट्रकों से टायर, बैटरी, जैक आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को शुक्रवार न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### नगर में साफ...

सराहना करते हुए, हम भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके इस अभियान को आगे भी जारी रखने की कामना करते हैं।

### मड़ई मेला व ...

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष रोहित साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, बिशेषर वर्मा, वीरेंद्र माहेश्वरी, नीलकमल आजाद, सरपंच लटेरा रवि बंजारे, किशोर राठौर सहित कांग्रेस कार्यकर्तागण व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पलारी में भागवत...

की बरसाने की दिव्य फूल होली होगी। 17 को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय सवांद, कलयुग वर्णन, परीक्षत मोक्ष, 108 महाआरती, 18 को गीतापाठ गीता चढ़ोत्तरी, तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति गौ पूजन, भागवत कथा के आयोजक सरला वर्मा, अनिल नमन वर्मा द्वारा भंडारा का आयोजन कर सभी भक्तों को प्रसादी वितरण की जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण की अपील की है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सिमगा में उर्स पाक 15 को

**सिमगा।** हजरत सैय्यद मीर अहमद हुसैन मख्दुमी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स पाक सिमगा में 15 नवंबर को मनाया जाएगा। कौमी एकता उर्स कमेटी के अध्यक्ष इकराम बेग एवं उपाध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि उर्स कमेटी द्वारा 14 एवं 15 नवंबर को दो दिन का प्रोग्राम रखा गया है। इसमें 14 नवंबर को अजीमुश्शान जलसा आल इंडिया नातियां मुशायरा तकरीर, बाद नमाजे मगरिब आम लंगर होगा। 15 नवंबर को शाही संदल इमामबाड़ा से शाम 4 बजे निकलेगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से गश्त करते हुए आस्ताने आलिया मख्दूम नगर पहुंचेगी। जहां रात्रि 9 बजे कव्वाली का शानदार प्रोग्राम रखा गया है। इसके फनकार सईद फरीद निजामी टीकमगढ़ के साथ कव्वालन सहनाज वारसी आगरा हैं।

### अजय सिदार का एसआई में चयन



**भटगांव।** पुलिस विभाग में एसआई परीक्षा के घोषित परिणाम में भटगांव निवासी अजयर सिदार का चयन होने पर शुभचिंतकों ने बधाई दी। श्री साईं सेवा समिति भटगांव के सदस्यों ने उनकी मेहनत की सराहना करते हुए प्रसन्नता जताई। अत्यंत साधारण परिवार से ताल्लूक रखने वाले अजय के पिता राजमिस्त्री का कार्य तथा खुद अजय किराना दुकान में काम कर परिवार चलाने में सहयोग किया करता था।

### बाइक को मारी टक्कर, शिक्षक घायल

**महासमुंद।** स्कूल जा रहे शिक्षक की बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। सांकरा पुलिस को प्रार्थी दीपक साहू ने बताया कि वह ग्राम बुडेनी जिला धमतरी का निवासी है और वर्तमान में ग्राम पिरदा थाना बसना जिला महासमुंद के शासकीय स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। 5 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एचटी 8927 से स्कूल जा रहा था। शाम करीब 4.30 बजे एनएच 53 रोड ढाबाखार चौक के पास एक अज्ञात मोटर साइकिल के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मारकर दिया, जिससे मुझे चोटें आई।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे व्यक्ति पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले शख्स पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि 8 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिलने के बाद बस स्टैंड सांकरा में शराब सेवन कर रहे मुकेश यादव पिता सुदर्शन यादव (32 साल) पिपरौद के खिलाफ कार्रवाई की गई, साथ ही आरोपी के कब्जे से 1 नग देशी प्लेन शराब की खाली शीशी आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जहां भगवान नारायण की पूजा होती है, वहां होता है मां लक्ष्मी का वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी-कटगी

ग्राम पंचायत कटगी में श्री श्याम मित्र मंडली द्वारा शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के 6वें दिन जिला साहू संघ के अध्यक्ष तोषराम साहू, संरक्षक पंचराम साहू, नगर अध्यक्ष बिलाईगढ़ रामनारायण साहू, जिला मीडिया प्रभारी करन साहू, बालाराम साहू सहित अन्य साहू समाज के पदाधिकारीगण शामिल होकर शिव महापुराण कथा का आनंद लिया। व्यास पीठ से पं. देवकृष्ण शर्मा ने दीपावली में मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की पूजा करने की बता कहते हुए बताया कि मां लक्ष्मी का वास उन्हीं के घर में होता है जिनके घर में मां लक्ष्मी के साथ नारायण भगवान की भी पूजा होती है। उन्होंने बताया गणेश भगवान और कार्तिकेय भगवान के विवाह को लेकर पार्वती माता ने दोनों के लिए एक शर्त रखी थी कि आप दोनों में से जो पहले ब्रह्मांड का परिक्रमा करके कैलाश पर्वत लौटेगा, उसकी शादी पहले होगी। इसके बाद कार्तिकेय महाराज अपने वाहन में बैठकर ब्रह्मांड की परिक्रमा में निकल गए, वहीं गजानन स्वामी थोड़ी देर सोचने के बाद अपने माता–पिता की परिक्रमा करने लगे और कहा कि माता–पिता के चरणों में तो ब्रह्मांड है, इसीलिए मैंने एक बार नहीं सात बार ब्रह्मांड की परिक्रमा कर ली है। इतना सुनकर भगवान शिव प्रसन्न हुए।

## शिव महापुराण में भगवान विष्णु की पूजा का महत्व बताया गया





### बूढ़ापे में बच्चे करे मां-बाप की सेवा

पं. शर्मा ने कहा कि जो माता–पिता ने अपने जीवन में धन कमाया, तुम्हें पाल पोस कर बड़ा किया, वह आपसे कुछ भी उम्मीद नहीं रखते। बस इतना उम्मीद रखते हैं कि आप बूढ़ापे उसका साथ दे। क्योंकि बूढ़ापे में किसी भी व्यक्ति को संपत्ति की नहीं साथ की आवश्यकता पड़ती है। बूढ़ापे में मां–बाप अपने संतान से यही उम्मीद करते हैं कि दो मीठे भाग का आकर बात कर ले बाकी उन्हें कुछ नहीं चाहिए।

## अपराध रोकने पुलिस विभिन्न पहलुओं का कर रही प्रसारण

# बढ़ते साइबर क्राइम से बचने लोगों में जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जैसे जैसे टेक्नोलॉजी ने हमारे जीवन के कार्यों में अपना हाथ बंटाया है और हमें एक नवीन विज्ञान का चमत्कार दिखाया, वहीं हम आज इस मित्रता के आदी हो चुके हैं पर आज इन उपयोगी वस्तुओं से भी नये अपराध जन्म ले चुके हैं, जिनका निदान आवश्यक है।

साइबर अपराध आज कुछ ऐसी परिस्थिति में नजर आ रही है तथा विभित्र आवश्यक प्रावधानों को आह में लोगों को शिकार बनाने का सिलसिला जारी है एवं यह चंहुओर इस कदर घुल गई है कि सहजता से इसकी पहचान होना मुश्किल है।

साईबर अपराध को जन्म दे सकते है। शहर पुलिस द्वारा जागरुकता के तहत प्रसारित किया जा रहा है और इनसे बचाव की सलाह दी जा रही है।




### पुलिस ने जारी किया सहायता नंबर

डिजिटल स्वच्छता और सुरक्षा के तहत जागरुकता का अभियान चला रही शहर पुलिस द्वारा जहां एक ओर साइबर अपराध के लक्षणों की प्रसारित करने का क्रम जारी है, वहीं इसके गिरफ्त में आने या इसकी आशंका होने पर सहायता के लिए नंबर भी जारी किए गये हैं, जिसके तहत टोल फ्री नंबर 1930 एवं 9479191043 जारी किया गया है। साथ ही साथ शहर पुलिस द्वारा एक अहम सुझाव यह भी दिया जा रहा है कि अपना पता स्थान, फोन, आधार पैन जन्मतिथि या कोई भी व्यतिगत विवरण किसी के साथ फोन या संदेशों पर साझा न करें, वही शहर पुलिस द्वारा यह भी महत्वपूर्ण सलाह दी जा रही है कि बैंक से संबंधित किसी भी लेनदेन के लिए स्मार्ट फोन के बजाय पुराने की-पैड फोन ज्यादा सुरक्षित है।

### पुलिस ने साइबर अपराध के लक्षणों की दी जानकारी

शहर पुलिस द्वारा जनमानस के बीच उन प्रक्रियाओं एवं लक्षणों को प्रसारित किया जा रहा है जिससे अपराध घटने को संभावना बढ़ती है। मसलन फोन डिस्कनेक्ट होने के संबंध में कॉल, कुरियर पैकेज के संबंध में काल एवं कुछ नंबर दबाने को कहना, पुलिस अधिकारी होने का हवाला देते हुए कौल, डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाना, कुरियर से भेजे गए पैकेज में ड्रग्स का डर दिखाना, वाट्सअप या मैसेज के जगिए अंजान व्यक्ति द्वारा संपर्क का प्रयास, आई डी पर पैसे भेज देने एवं उसे वापस मांगने की बात कहना, सेना या सीआरपीएफ का होने का हवाला देते हुए कुछ सामान बेचने की बात कहना, आर्डर या राइड या कुछ भी रद्द करने के लिए ओटीपी साझा करने के लिए कहना, अंजान व्यक्ति का वीडियो मोड पर कॉल करना, जैसे कुछ बिन्दु जो

# सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने की छठ पूजा



**सिमगा।** सूर्य उपासना का पर्व छठ ग्राम ओटगन में धुमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने शुक्रवार को घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना करते हुए 36 घंटे का निर्जला व्रत का पारण कर व्रत तोड़ा। इसके तत्पश्चात ठेकुआ प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर सौभाग्य की कामना की। मान्यता है कि उगते सूर्य को अर्घ्य देने से आरोग्य सौभाग्य एवं संतान की प्राप्ति होती है। छठ का महापर्व चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। इस दौरान व्रती महिलाएं घाट पर बैठ कर छठ मईयां के जसगीत गाते रहे।

### छठ पूजन में शामिल हुईं अंजू पांडेय



**खरोरा।** छठ पूजन के चतुर्थ दिवस अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अंजू पांडेय ने वर्ती परिवार को घाट पहुंचकर शुभकामनाएं प्रेषित की। सूर्य उपासना का महापर्वछठ पूजन शीतला तालाब में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्रीमती पांडेय ने परिषद के संकल्पानुसार सामाजिक समरसता सद्भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पं. गिरिजा योगेश द्विवेदी, पं. साधना देवेंद्र शर्मा के साथ छठ व्रत पूजन में शनिवार को चतुर्थ दिवस उषाकाल अर्घ्य पूजन में शामिल हुईं।

# गजानंद महाविद्यालय ने जीती खो-खो ट्रॉफी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

महासमुंद सेक्टर खो-खो पुरुष वर्ग प्रतियोगिता शासकीय दौलत राम शर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में 8 नवंबर को आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में गजानन अग्रवाल महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने लगातार 8 वर्षों से अपनी ट्रॉफी पर कब्जा बनाए रखा है। उक्त उपलब्धि के लिए प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज, क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र यादव, क्रीडा सहायक शुभम यदु, ग्राउंड मेन सब्बू दास मानिकपुरी तथा महाविद्यालय की सभी अध्यापकों ने शासकीय गजानन अग्रवाल की टीम को बधाई दी तथा उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा में बच्चों को दी गई प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब कोई व्यक्ति घायल या अचानक बीमारी पड़ जाता है तो उसे चिकित्सा की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में कुछ प्रमुख दवाइयों, रोलर पट्टियां, चिपकने वाले टेप, कैंची, सफाई का घोल, साबुन, तौलिया, पेट्रोलियम जेली या अन्य लुब्रिकेंट का ट्यूब उपलब्ध होने चाहिए। जिससे पीड़ित व्यक्ति को तुरन्त मदद मिल सके। जब आप किसी मरीज की प्राथमिक चिकित्सा कर रहे हों तो किसी दूसरे व्यक्ति को चिकित्सकीय मदद के लिए भेजे। जो व्यक्ति चिकित्सक के पास जाए, उसे आपात स्थिति की पूरी जानकारी हो और वह चिकित्सक से यह सवाल जरूर करें। एम्बुलेंस पहुंचने तक क्या किया जा सकता है। हर स्कूल में एक सुलभ प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स होना चाहिए।

### क्विज प्रतियोगिता में महावीर, अनीस व योगिता को मिला प्रथम स्थान



**खरोरा।** शासकीय हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में शनिवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हाई स्कूल स्तर में 9 टीम, हायर सेकंडरी गणित विषय में 6 टीम एवं विज्ञान विषय से 4 टीम के प्रतिभागी भाग लिए। इसमें हाई स्कूल स्तर में प्रथम टीम महावीर देवांगन, मुकेश देवांगन, हायर सेकंडरी स्तर में गणित विषय प्रथम टीम अनीस सेन प्रदीप बांधे एवं हायर सेकंडरी विज्ञान विषय प्रथम योगिता भारती, डागेश्वरी विजेता रहीं। कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, कार्यक्रम संयोजक रीतारानी वर्मा, पुरुषोत्तम देवांगन, रजनी त्रिपाठी, जयंती साहू, प्रिया संघवी, नेहा वर्मा, गीतांजली पान, अमर बर्मन एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्रों को दी गई नालसा के विभिन्न योजनाओं की जानकारी




**खरोरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोंहरेंगा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली तथा स्वामी आत्मानंद उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय खरोरा किया गया। शिविर के माध्यम से नालसा के विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार, विद्यार्थियों को नालसा के निःशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए बचपन बचाओ अभियान के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों माता–पिता के भरण–पोषण अधिनियम, सड़क दुर्घटना व यातायात नियमों का पालन करने तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से सुरक्षा के लिए साइबर सेल 1930 के संबंध में बताया गया। शिविर में पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू, तुलेश्वर साहू, टोपेन्द्र वर्मा व सूरज बंजारे उपस्थित थे।

## भागवत महापुराण में कथाकार ने करूणा की महत्ता गिनाई

# करुणा हृदय का सर्वाधिक कोमल व मृदुतम भाव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम गिधपुरी में पांडे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद देवीभागवत महापुराण में आचार्य पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि करुणा किसी अन्य की पीड़ा को अनुभूत कर उसकी सहायता की इच्छा उत्पन्न होने की भावना है। करुणा हमारे हृदय का सर्वाधिक कोमल और मृदुतम भाव है, जब भी हमारे सामने कोई दुरूखी प्राणी आता है अथवा जब भी हम किसी दुरूखी व्यक्ति को देखते हैं, तो करुणा का भाव जागृत हो जाता है। हमारी चेतना उस प्राणी की तत्कालीन चेतना के तल पर पहुंच कर उसके द्वारा अनुभव किए जा रहे दुःख को स्वयं अनुभव करती है। आचार्य ने कहा कि मनुष्य का मन अणु से भी सूक्ष्म है, इसलिए उसकी शक्ति अणु से भी विराट है। उसका कोई हिसाब नहीं लगाया जा सकता। उसका जगत अत्यंत विशाल है, उसकी क्षमताएं अनन्त हैं। क्षण में वह आपके लिए मोक्ष का सृजन कर सकता है और क्षण में ही नरक भी पैदा कर सकता है। हमें इस बात के प्रति सावधान रहना चाहिए कि आपका मन और आपके भाव कुमार्गी न बनें, आपके मन में क्रूरता प्रवेश न लेने पाए। अपने मन में करुणा को जन्म दीजिए, मैत्री का भाव बढ़ाइए ये विधियां हैं मन को मोक्ष में रूपायित करने की गोपाष्टमी का पावन पर्व आचार्य के सानिध्य मे समस्त ग्रामवासीगण प्रभातफेरी गोवर्धन गौपूजन मनाये एवं देवी भागवत की कथा मे प्रहलाद चरित्र की कथा सुरभि गौमाता की कथा बताये छप्पनभोग लगवाये गये, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के लोग शामिल हुए।

